तापमान

अधिकतम 42.4 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]




सड़क किनारे खुले में कचरा पड़ा रहता है। उठाव नहीं होने की वजह से मवेशी कचरा खाकर बीमार पड़ते हैं।

# एक्स-रे नहीं करने पर अड़े सिम्स के डॉक्टर, विवाद बढ़ा तो महिला और पति को 3 डॉक्टरों ने पीट दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुदूदंड निवासी महिला अपने पति के साथ शुक्रवार को सिम्स के आर्थोपेडिक वार्ड में गई, यहां डॉक्टरों ने एक्स-रे करने से मना कर दिया, इससे डॉक्टर और मरीज के बीच वाद विवाद बढ़ गया, इस बीच तीन डॉक्टरों ने मिलकर महिला और उसके पति की पिटाई कर दी। मारपीट से आहत महिला ने इसकी शिकायत सिम्स के अधीक्षक और पुलिस से की है।

कुदूदंड निवासी नेहा मरावी पति विजय मरावी कई दिनों से हाथ और उंगली के दर्द से परेशान थी, शुक्रवार को वह सिम्स में पर्ची कटाकर आर्थोपेडिक विभाग के ओपीडी पहुंची। इस दौरान अपनी बारी का इंतजार करते हुए डॉक्टरों से मिलकर अपनी समस्या बताई। इस समय रेसीडेंट डॉक्टर तरूण सिंह ठाकुर, डॉ दीपक जांगड़े, डॉ सागर कुमार ने एक-एक कर महिला की जांच की। डॉक्टरों को लगा यह समस्या हड्डी की बजाए नस की है, ऐसे में डॉक्टरों ने महिला और उसके पति को किसी न्यूरोलॉजिस्ट के डॉक्टरों को समस्या बताने की बात कही, इस दौरान मरीज और पति ने डॉक्टरों से महज एक्स-रे कर जांच करने कहा। डॉक्टरों ने मरीज को फिर से समझाया कि जांच के दौरान समस्या नस की लग रही है, ऐसे में एक्स-रे करना गैर जरूरी है। इस बात को लेकर पति और महिला का डॉक्टरों से विवाद होने लगा, जिसके बाद डॉक्टर और मरीज के बीच गाली गलौज की नौबत आ गई और देखते ही देखते तीनों डॉक्टरों ने मिलकर महिला मरीज और उसके पति की पिटाई कर दी। इस दौरान सिम्स में हंगामा मच गया और बात आगे बढ़ते हुए सिम्स के अधीक्षक डॉ सुजीत नायक के पास पहुंच गई। अधीक्षक ने दोनों पक्षों की बात सुनकर सभी को शांत कराया,वहीं महिला का आरोप है कि तीनों डॉक्टरों ने मिलकर उसके साथ दुर्व्यवहार किया है और उनके पति का गला दबाने की कोशिश की है। जिसके बाद उन्होंने पुलिस से भी इस घटना की शिकायत की है।

सिम्स के आर्थोपेडिक ओपीडी में मचा हंगामा

प्रार्थिया ने चौकी, सिटी कोतवाली में की लिखित शिकायत



सिम्स में हंगामा के दौरान लगी भीड़

## डॉक्टर और मरीज के बीच अक्सर होता है विवाद

पिछले कुछ महीनों से सिम्स में लगातार डॉक्टर और मरीज के बीच विवाद होने की खबर आती रहती है। सबसे ज्यादा कैज्यूवल्टी वार्ड, आर्थोपेडिक, मेडिसीन, लेबर वार्ड में झड़प होती रहती है। सीनियर डॉक्टरों को इसकी भनक भी है, लेकिन फिर भी जूनियर डॉक्टरों पर कोई लगाम नहीं लग सकी है, जिसके कारण जूनियर डॉक्टर मनमानी करते हुए मरीजों से बदसलूकी करते हैं।

### दोनों पक्षों को सुना गया

दोनों पक्षों की बात सुनी गई है और सभी को शांत कराया गया है। किसी का भी जबरदस्ती एक्स-रे नहीं किया जा सकता है। सभी को अपनी हद में रहना आवश्यक होता है।

- डॉ सुजीत नायक
अधीक्षक, सिम्स

### जांच जारी

महिला और पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, वहीं डॉक्टरों ने भी अपनी बात थाने में आकर कही है। महिला और पति का मुलाहिजा नहीं किया गया है। जांच जारी है।

- विजय चौधरी, टीआई
सिटी कोतवाली

## अस्पताल में चोरी

# वार्ड में 18 में से 14 एसी के कॉपर ले उड़े चोर

सिम्स में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है और प्रबंधन इसे रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। हाल ही में सिम्स के एमएम 3 वार्ड में चोरी की घटनाएं हुई है। जहां 18 में से 14 एसी के कॉपर वायर चोरी हो चुके हैं, जिसके बाद वार्ड का हाल बेहाल है। टॉप फ्लोर में आने के कारण मरीजों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

एक साल पहले ही सिम्स में एमएम 3 वार्ड बनाया गया है, करीब 38 लाख रूपए खर्च भी किए गए हैं और पर्दा, एसी और अन्य सुविधाओं के साथ चकाचक वार्ड बनाया गया, लेकिन चोरों ने एक बार फिर सिम्स प्रबंधन के नाक के नीचे ही चोरी को अंजाम दे दिया है। बताया जा रहा है कि हफ्ते भर में ही इस वार्ड के 18 में से 14 एसी बंद हो चुके हैं, बंद का कारण कॉपर वायर की चोरी है। वहीं सबसे ऊपरी हिस्सा होने के कारण वार्ड में जबरदस्त गर्मी और उमस रहती है। वहीं मरीजों को हाल बेहाल हो रहा है, ऐसे में प्रबंधन ने वार्ड को कूलिंग करने के लिए 3 कूलर का सहारा लिया है जो नाकाफी साबित हो रहा है। खास बात यह है कि प्रबंधन द्वारा कूलर रखकर पानी डालना भूला गया है, ऐसे में वार्ड में उमस के कारण मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## चुनावी खर्च की मॉनिटरिंग के लिए बना कंट्रोल रूम

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव संबंधी निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए न्यू कंपोजिट बिल्डिंग स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में अलग से कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने बताया कि नव स्थापित कंट्रोल रूम का लैंडलाइन दूरभाष नंबर 07752 - 222877 है । यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1950 पर भी शिकायत अथवा सूचना दर्ज कराई जा सकती है।






# कोलकाता का किराया साढ़े 6 हजार पार, दिल्ली की टिकट की भी मांग

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से कोलकाता और दिल्ली की फ्लाइट शुरू हुए अभी कुछ ही दिन बीते है, लेकिन इन फ्लाइट की मांग बनी हुई है। यह हाल तब है जब अलायंस एयर द्वारा फ्लाइट के परिचालन में लापरवाही बरत रहा है। बताया जा है कि बिलासपुर से कोलकाता की फ्लाइट का किराया साढे 6 हजार जा चुका है, वहीं दिल्ली का किराया 7 हजार रूपए होते हुए है फ्लैसी तौर पर यह 13 हजार से अधिक कीमत पर बिकने लगती है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन दोनों रूट पर यात्री की कमी नहीं है।



इस माह से शुरू की गई है दिल्ली कोलकाता की सीधी फ्लाइट।

हफ्ते में एक दिन है कोलकाता की फ्लाइट।

दिल्ली और कोलकाता के बीच फ्लाइट की सुविधा यात्रियों के लिए सुविधाजनक साबित हो रही है, इसकी कारण फ्लाइट की बुकिंग भी होती रहती है। जिसके चलते अलायंस एयर को सीधा फायदा पहुंच रहा है, लेकिन एयरलाइन्स कंपनी इसका बेजा फायदा भी उठा रही है। फ्लैसी किराया के तौर पर मनमाने तरीके से फ्लाइट की टिकट बढ़ रही है। कोलकाता की फ्लाइट का किराया 6 हजार से 7 हजार के बीच जा पहुंचा है वहीं दिल्ली का किराया 10 हजार से 13 हजार जा पहुंच रहा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि डायरेक्ट फ्लाइट की आड़ में एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर यात्रियों से किराया वसूली कर रही है।

### अलायंस एयर की मनमानी

बिलासपुर से कोलकाता तक की फ्लाइट का बेस किराया महज 21 सौ रूपए है, लेकिन यात्रियों की मांग को देखते हुए अलायंस एयर ने इसकी कीमत बढ़ा दी है और यह पिछले कई दिनों से 6 हजार से ऊपर जा पहुंचा है। बताया जा रही है कि जहां कोलकाता से राउलकेला के बीच दूरी 457 किमी है, और अलायंस एयर द्वारा फ्लाइट का किराया 1810 रूपए लिया जाता है, जबकि बिलासपुर से कोलकाता की दूरी 798 किमी है और किराया मनमाने तरीके से 6 हजार से अधिक लिया जा रहा है, जबकि राउलकेला जैसे ही ही बिलासपुर से कोलकाता की कराया भी महज 3600 सौ रूपए तक रखा जा सकता है लेकिन अलायंस एयर इस पर लापरवाही बरत रहा है। जिसका असर यात्रियों पर पड़ रहा है।

# सीजन में पहली बार पारा 42 डिग्री पार

**बिलासपुर।** भले ही अप्रैल के शुरूवाती दिनों में बादल, बारिश और अंधड़ के कारण हफ्तेभर तक पारा सामान्य से नीचे और ठंड महसूस हुई, लेकिन अब अप्रैल के तीसरे सप्ताह में तपिश महसूस होने लगी है। इन दिनों शहर भीषण गर्मी की चपेट में है। सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा है। ऐसे में अब घरों की छतें और दीवारें तप रही हैं। दोपहर में जला देने वाली गर्मी का अहसास होने लगा है। दिन में पेड़ों की छांव भा रही है। एक दिन पहले गुरूवार को शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं अब शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके अलावा न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज हुआ।

दिन में अब तेज धूप के चलते दोपहर में गर्म हवाओं के साथ झुलसा देने वाली गर्मी महसूस हो रही है। ऐसे में एक ओर अब दोपहर में लोग घरों से निकलना नहीं चाह रहे, जिसके चलते सड़कें सूनी हो गई हैं। इधर अब चौक-चौराहों पर पेड़ की छांव और पेयजल के प्याऊ घर की आवश्यकता भी शुरू हो गई है। वर्तमान में नेहरू चौक कलेक्टोरेट के सामने सकाउड़ एड़ गाईड के बच्चों ने प्याऊ शुरू किया है, जहां दोपहर में पानी पीने के लिए राहगीरों की भीड़ भी देखने को मिल रही है।

| प्रमुख जिलों के तापमान | |
|---|---|
| बिलासपुर | 42.4 डिग्री |
| रायपुर | 42 डिग्री |
| पेण्ड्रारोड | 41.3 डिग्री |
| अंबिकापुर | 40.5 डिग्री |
| जगदलपुर | 41.8 डिग्री |
| दुर्ग | 42.6 डिग्री |
| राजनांदगांव | 43 डिग्री |




**लोकसभा चुनाव: 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का 19 अप्रैल आखिरी दिन था**

# 46 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन मुख्य मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के बीच ही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर लोकसभा सीट से अंतिम दिन, अंतिम समय तक कुल 46 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है। इसमें कांग्रेस, भाजपा, बसपा के साथ ही निर्दलीय भी शामिल हैं। मुख्य मुकाबला हालांकि कांग्रेस के देवेन्द्र यादव और भाजपा के तोखन साहू के बीच ही है। ध्यान रहे कि हाईप्रोफाइल बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का 19 अप्रैल को आखिरी दिन था।

बिलासपुर सीट के लिए दावेदारी आजमा रहे प्रत्याशियों की चुनावी तस्वीर 22 अप्रैल को नामांकन वापसी के बाद साफ होगी, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के तोखनराम साहू और कांग्रेस के देवेंद्र यादव के बीच तय माना जा रहा है। हालांकि मान्यता प्राप्त बसपा और अन्य क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशियों के साथ बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव में खड़े हुए हैं।


लोकसभ चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी।

### इन लोगों ने जमा किया नामांकन

बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा के तोखनराम साहू, कांग्रेस से देवेंद्र यादव और अखिलेश चंद्र प्रदीप वाजपेयी, बसपा से अश्विनी रजक, आशुतोष कुमार लहरे( आम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया), शैलेन्द्र कुमार बंजारे (शक्ति सेना), भागवत पात्रे (प्रबुद्ध रिपब्लिकन पार्टी), आनंद उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी), यशवंत साहू (भारतीय शक्ति चेतना पार्टी) प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी के करीब माने जाने वाले और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने भी नामांकन दाखिल किया है। अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने नामांकन भरने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बिलासपुर का प्रतिनिधित्व बाहर के लोग करें, इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिलासपुर के विकास और हक की लड़ाई के लिए वे मैदान में हैं। अंतिम तिथि तक कुल 47 उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म खरीदे हैं।

### स्क्रूटनी और नाम वापसी 22 तक

जिला निर्वाचन विभाग के मुताबिक बिलासपुर लोकसभा में 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक चली नामांकन प्रक्रिया में कुल 47 उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म खरीदे हैं। इससे 9 लाख 75000 रुपए की राशि चुनाव आयोग को नामांकन फार्म से मिले हैं। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन भी बिलासपुर कलेक्ट्रेट में गहमा-गहमी सुबह से ही बनी रही। इस बार के लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन दाखिल किए हैं जो दर्शाता है कि इस बार चुनाव में निर्दलीय बड़ी संख्या में किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं अब स्क्रुटनी और नाम वापसी का दौर 22 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद यह तय हो जाएगा कि चुनाव में कितने प्रत्याशी मैदान में है।

## खबर संक्षेप

### मां सतबहनियां दाई महिला सेवा समिति ने मनाया चैत्र नवरात्रि पर्व



**बिलासपुर।** मां सतबहनियां दाई महिला सेवा समिति कुदूदंड की महिलाओं ने चैत्र नवरात्रि पर्व एवं हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाया। 9 दिनों तक पूरा कुदूदण्ड चांदनी चौक भगवती मय वातावरण हो गया था। पं. बद्री प्रसाद मिश्रा ने 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पूरे 9 दिनों तक मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। प्रथम दिवस घट स्थापना कर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराया। इस पूरे काम में महिला सेवा समिति की सदस्यों का सहयोग रहा। समिति के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मां सतबहनियां दाई एवं मंदिर में विराजमान जगत जननी मां दुर्गा की सेवा में सुबह से रात तक लगे रहते थे। प्रतिदिन महिला एवं पुरुष मंडली द्वारा जस गीत, भजन का भी आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में पवन सोनी, ईश्वर सोनी, सुरित राम कश्यप, जमुना सोनी, सुशीला सोनी, घसनीन यादव, श्यामा उपाध्याय, गंगोत्री निर्मलकर, मधु मानिकपुरी, शिवानी कश्यप, काजल कश्यप, सहोदरा सोनी, सरिता वासिंग, रमा तिवारी, रिता वासिंग, सुषमा मराठा, किशोरी वासिंग, सुभ्रा वासिंग, ईश्वरी चौहान, आशा दुबे, इंद्राणी गहलोत, सीमा चौहान, अन्नु कश्यप, गुलेश्वरी सोनी, सीता कश्यप, शिवकुमारी पाठक, रानी सोनी, गिरजा सोनी, सोनप्रभा मिश्रा, अनिता मरावी, लक्ष्मीन माली आदि का सहयोग रहा।

### छात्रसंघ ने नेहरू चौक से विवि कोनी तक सरकारी बस चलाने की मांग



**बिलासपुर।** आवागमन की समस्या से जूझ रहे अटल बिहारी विश्वविद्यालय के छात्र संघ ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। इसमें छात्र प्रतिनिधि ने विश्वविद्यालय जाने के लिए सुबह 10:30 बजे नेहरू चौक, महामाया चौक से होते हुए विश्वविद्यालय कोनी तक बस सेवा शुरू करने की मांग की है। संघ ने ज्ञापन में बताया कि अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय जो शहर से दूर कोनी में स्थित है। विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के आने जाने के लिए कोई सरकारी आवागमन की सुविधा नहीं है। वे इस भीषण गर्मी में पैदल, कुछ अपने वाहनों से व अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग कर आते हैं। वापस जाने के समय और अधिक भटकना पड़ता है, पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए बहुत इंतजार करना पड़ता है। यह समस्या एक दिन की नहीं है बल्कि रोज आने जाने के लिए यह एक खर्चीला माध्यम है। बस आदि का समय अनुकूल नहीं होता है। यहां के छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों के लिए विश्वविद्यालयीन समयानुसार बस/सिटी बस की सुविधा देने के लिए लिए बिलासपुर कलेक्टर के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए बस सुविधा प्रारंभ करने की मांग की है। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर आर ए. कुरुवांशी ने समस्या का उचित समाधान करने की बात छात्र छात्राओं से की। इस अवसर पर छात्र प्रतिनिधि सूरज सिंह राजपूत, नीरज यादव, स्वप्निल पांडेय, सौरभ दुबे, सत्यम पाल, यश अवस्थी, राहुल कौशिक, आदित्य मौजूद थे।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा 7 जुलाई को

**बिलासपुर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की ओर से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) 7 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया खत्म हो गई है। यह पात्रता परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। हिंदी, इंग्लिश समेत 20 अलग-अलग भाषाओं में होगी। प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग समेत के देशभर के 136 शहरों में इसके लिए सेंटर बनाया गया है। परीक्षा पेन और पेपर मोड में होगी। इसमें कुल 150 अंको के मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चन (एमसीक्यू) पूछे जाएंगे। प्रवेश पत्र परीक्षा शुरू होने से दो दिन पहले जारी किए जाएंगे।

## हमर राज पार्टी प्रत्याशी के रूप में अधिवक्ता सुदीप ने भरा नामांकन

- गांधी चौक से निकाली नामांकन रैली
- व्यापारियों ने दिया समर्थन




**बिलासपुर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन भरा। हमर राज क्षेत्रीय पार्टी ने उन्हें अपना समर्थन देकर प्रत्याशी बनाया है। उनकी नामांकन रैली गांधी चौक से कलेक्टोरेट कार्यालय तक निकाली गई।

नामांकन रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। शनिचरी बाजार के व्यापारियों ने अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव की उम्मीदवारी को अपना समर्थन दिया। वहीं कंपनी गार्डन के पास मनोज तिवारी, बब्बी भंडारी के साथ स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बिलासपुर सीट से बाहरी उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। प्रत्याशी चयन में की गई अनदेखी से स्थानीय उम्मीदवारों में जोरदार नाराजगी देखने को मिल रही। कई नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। नहीं चाहिए बाहरी उम्मीदवार का नारा चारो ओर गूंज रहा है। ऐसे में बिलासपुर की जनता का आवाज बुलंद करने वे लोकसभा चुनाव मैदान में हैं।

रैली में रविन्द्र प्रताप सिंह, सुजीत गुहा, राजीव छुरा, पवन पांडे, विनय सिंह, संजीव दत्ता, विकास जैन, विनय दुबे, विलसन साइमन, कृति शर्मा, रघुराज सिंह निर्मल कुमार चंद्रा, हितेश चंद्रा, आनंद वर्मा, इमरान अली,गणेश खांडेकर, राघवेन्द्र सिंह ठाकुर, रवि शंकर सिंह, मनोज तिवारी, कैलाश सिंह, ठाकुर, प्रशांत सिंह, चंद्रभान सिंह ठाकुर, प्रशांत पांडेय,संदीप शर्मा, दक्षा शर्मा, तारेन्द्र उसराठे, आशुतोष शर्मा, भावेद दुबे, मनीष यादव, केशव किशोर बाजपेयी, केशव गोरख, हरिराम कश्यप, शैलेन्द्र शर्मा,प्रशांत तिवारी, अकील अली सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बीजेपी के सदस्यों ने ली 'मैं कभी अपने बूथ को हारने नहीं दूंगा' का संकल्प

- पार्टी को रिकार्ड मतों से जिताने का लिया संकल्प
- बूथ जाकर करें संपर्क




**बिलासपुर।** भाजपा बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के तखतपुर, कोटा, मस्तूरी, बिल्हा, बिलासपुर एवं बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के कोरग्रुप व प्रबंधन समिति के सदस्यों ने अपने बूथ को हारने नहीं दूंगा का संकल्प लिया है। बीजेपी कोरग्रुप व प्रबंध समिति की बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि आप निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव में विजयश्री हासिल कर लेंगे, किन्तु आपको यह ध्यान रखना है कि पिछले चुनाव की अपेक्षा इस अनुकूल माहौल में अपनी पार्टी को रिकार्ड मतों से विजयी बनाना है। इसके लिए आप सभी लोगों को रोज अधिक से अधिक समय बूथों में देना होगा। बूथ के प्रत्येक लाभार्थियों से घर-घर जाकर संपर्क बनाना है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा सभी बूथों में जाकर मतदाताओं से संपर्क करने की जिम्मेदारी आप सभी की है। उन्हें भजपा को वोट देने के लिए आग्रह करें। 30 अप्रैल से 6 मई तक अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाना है। प्रत्येक बूथ में पार्टी का 370 वोट बढाना है। तभी आप अपने प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से जीत दिला सकते हैं। बैठक का संचालन मोहित जायसवाल व आभार घनश्याम कौशिक ने किया। बैठक में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, डॉ.सियाराम साहू, पूर्व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, अरूण चौहान, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिलाध्यक्ष जीपीएम कन्हैया राठौर, गुलशन ऋषि, हर्षिता पाण्डेय, अशोक विधानी, पूजा विधानी, जीवन पाण्डेय, नरेन्द्र शर्मा, शंकरदयाल शुक्ला, बीपी सिंह, गिरीश शुक्ला, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार सहित विधानसभा कोरग्रुप व प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## जीवन के लिए रक्तदान, लोकतंत्र के लिए मतदान बेहद जरूरी




जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 19 अप्रैल को प्रार्थना सभाकक्ष में "रक्तदान महादान-मतदान महादान" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान और मतदान के लिए प्रेरित किया। एयू के कुलपति एडीएन बाजपेई ने शिविर में मौजूद सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और जिपं सीईओ और स्वीप के नोडल अधिकारी आर पी चौहान सहित सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। कलेक्टर ने कहा कि जीवन के लिए रक्तदान और लोकतंत्र के लिए मतदान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जीवनदान मिलता है, उसी तरह मतदान से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे एक-एक वोट के महत्व को स्वयं समझे और दूसरों को भी मतदान का महत्व समझाएं। उन्होंने 7 मई को लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं एयू के कुलपति अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र को मजबूत बनाने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के नोडल अधिकारी आर पी चौहान व निगम कमिश्नर अमित कुमार ने भी मतदान का आहवान किया। शिविर में जिले के आला अधिकारियों ने रक्तदान किया और मतदान का संदेश दिया।

## योगी आदित्यनाथ की सभा को लेकर हुई बैठक



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार करने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ 21 अप्रैल को बेलतरा जाएंगे। वे बहतराई स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी पूरी व्यवस्था की कमान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला को दी गई। इस संदर्भ में शुक्रवार को क्षेत्र के युवाओं की बैठक बुलाई गई, जिसमें कार्यक्रम के तैयारी को लेकर चर्चा की गई और जिम्मेदारियों को बांटा गया। श्री शुक्ला ने बताया कि ये हमारे विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। हम रोमांचित हैं कि राजनीति के चाणक्य योगी आदित्यनाथ का सानिध्य हमे प्राप्त होगा। श्री शुक्ला ने बताया कि महाराज श्री योगी दोपहर 3 बजे सभा स्थल पहुचेंगे। भाजपा के कार्यकर्ता उनके आगमन और सभा के प्रचार प्रसार व्यवस्था में लगे हुए हैं।

## प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों के खर्च की मांगी रिपोर्ट

बिलासपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन एवं व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव ने एमसीएमसी कक्ष का अवलोकन किया। संधारित पंजियों को देखा। उन्होंने विभिन्न इकाईयों के कामकाज की जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक ने लेखा टीम से रोजाना सुबह 11 बजे तक प्रत्याशी वार खर्च की रिपोर्ट मांगी। इस दौरान प्रेक्षकों ने पेड न्यूज और मीडिया सर्टिफिकेशन प्रक्रिया की जानकारी ली और टिप्स दिए और मुस्तैदी से काम करने कहा। इस दौरान डिप्टी इलेक्शन अफसर शिवकुमार बनर्जी भी उपस्थित थे। प्रेक्षकों ने नियंत्रण कक्ष, सी विजिल कक्ष और अकाउंट टीम के कामकाज की भी जानकारी ली। सी विजिल में समस्याओं के निराकरण के तौर तरीके समझे। बताया गया कि अब तक सी विजिल से 15 शिकायतें मिली हैं। उनका निराकरण कर लिया गया है। नियंत्रण कक्ष में मिलने वाली सूचनाओं एवं समस्याओं की प्रकृति भी उन्होंने समझी। संधारित पंजियों का अवलोकन किया। जिपं सभा कक्ष में अकाउंट टीम की बैठक ली। उन्होंने एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी और अन्य माध्यमों से मिलने वाली जानकारी और उनकी अकाउंटिंग को जाना। प्रेक्षकों ने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रचार प्रसार की सामग्री में उनके प्रकाशक मुद्रक का नाम अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए वाहन के सामने की कांच में मूल अनुमति ऑर्डर चश्पा होना चाहिए।

## तीनों प्रेक्षक पहुंचे, मुलाकात के लिए समय तय

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त तीनों प्रेक्षक बिलासपुर पहुंच गए हैं। आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक के रूप में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभय ए महाजन, व्यय प्रेक्षक के रूप में श्रीकांत नामदेव और राहुल देव सिंह की पुलिस प्रेक्षक के तौर पर नियुक्तियां की गई है। तीनों प्रेक्षक यहां न्यू सर्किट हाउस में ठहरे हैं। उन्होंने आम जनता से लोकसभा चुनाव संबंधी जानकारी, सूचना और शिकायतों के लिए मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किया है। जिसके अनुसार सामान्य प्रेक्षक श्री महाजन, व्यय प्रेक्षक नामदेव, पुलिस प्रेक्षक राहुल देव सिंह से कोई भी व्यक्ति, प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल चुनाव संबंधी जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं। तीनों प्रेक्षक प्रतिदिन सर्किट हाउस में प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों एवं आम जनता से मुलाकात के लिए उपलब्ध रहेंगे। सर्किट हाउस के बैठक कक्ष में शाम 4.30 से 5.30 बजे तक इसके लिए समय निर्धारित किया गया है। सामान्य प्रेक्षक श्री महाजन को उनके निर्धारित मेल आईडी पर भी कोई सूचना या शिकायत कर सकते हैं।

## हाई स्टाइल ब्रांड 'व्हाइट हैंगर' के भव्य शोरूम का शुभारंभ

बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** फैशन की दुनिया में न्यायधानी में एक नई कड़ी जुड़ी है, जो युवाओं के बीच खासी लोकप्रिय होगी। हाई प्रोफाइल फैशन लवर्स के लिए, एक लम्बी प्रतीक्षा के बाद राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हाईस्टाईल ब्रांड 'व्हाइट हैंगर'के शोरूम का शुभारंभ 19 अप्रैल को हुआ।

श्रीकांत वर्मा मार्ग पर अत्याधुनिक शोरूम में आधुनिक स्टाइल व फैशन के लिए व्हाइट हैंगर ब्रांड का शानदार वेडिंग व सेलीब्रेशन कलेक्शन यहां ग्राहकों को पसंद आएगा । बालीवुड के यूथ आइकॉन टाइगर श्रॉफ "व्हाइट हैंगर "के ब्रांड एंबेसडर हैं, जिसके कारण देश में दिल्ली व अन्य बड़े शहरों में, युवाओं के बीच यह लोकप्रिय ब्रांड है।मैग्नेटो माल के पास, "व्हाइट हैंगर "का यह भव्य शोरूम हाईप्रोफाइल युवाओं के बीच लेटेस्ट फैशन व स्टाइल के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। शर्ट, ट्राउजर, कुर्ते, दूल्हे के खास कलेक्शन की यहां लंबी श्रृंखला मौजूद है। आज उद्घाटन के मौके पर विशिष्टजनों के अलावा फैशन पसंद युवा बड़ी संख्या में पहुंचे।




## पुलिस व मतदान कर्मियों के लिए 8 सुविधा केंद्र

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव कार्य में लगे मतदान कर्मियों एवं पुलिस कर्मियों के डाक मतदान के लिए 8 सुविधा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं अनिवार्य सेवा श्रेणी वाले मतदाताओं के डाक मतदान के लिए जिला मुख्यालय के मंथन सभाकक्ष में एक पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने बताया कि डाक मतदान के लिए जिले की सभी 6 विधानसभा क्षेत्र में 1-1 और जिला मुख्यालय में 2 सुविधा केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा स्तरीय केन्द्रों पर 25 अप्रैल से 28 अप्रैल तक डाक वोट डाला जाएगा। वोटिंग के लिए केंद्र सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा।

**भीषण गर्मी और यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने की पहल**

# पटना व सिकंदराबाद के बीच अब 2 अगस्त तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन, 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन एवं 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन को 2 अगस्त तक चलाने का निर्णय लिया गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार यह गाड़ी पटना से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन नंबर 07256 सिकंदराबाद-पटना समर स्पेशल ट्रेन नम्बर के साथ 26 अप्रैल तक चल रही स्पेशल ट्रेन को 2 अगस्त तक चलाने का निर्णय लिया है। इसी तरह हैदराबाद से प्रत्येक बुधवार को ट्रेन नंबर 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन नम्बर के साथ 1 मई तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।

## बिलासपुर स्टेशन का मिस्टिंग सिस्टम चालू, यात्रियों को मिल रही गर्मी से राहत




मंडल रेल प्रशासन द्वारा बिलासपुर स्टेशन में यात्रियों को मौसम के अनुकूल बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसी संदर्भ में गर्मी के दिनों में स्टेशनों के प्लेटफार्म में यात्रियों को गर्मी से राहत दिलाने तथा शीतल भरा वातावरण की सुविधा उपलब्ध कराने बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म 1 में लगे मिस्टिंग मशीन को चालू कर दिया गया है। रेल अफसरों के अनुसार पूरे प्लेटफार्म को कवर करने के लिए हावडा एंड एफओबी के बाहर से नागपुर एंड एफओबी के बाहर तक प्लेटफार्म के दोनों तरफ पाइप लाइन बिछाई गई है, जिसके फव्वारे से पूरे प्लेटफार्म का वातावरण ठंडा हो गया है। इस मशीन से पानी के फुवारे निकलते हैं जो प्लेटफार्म को चारों तरफ से ठंडा कर यात्रियों को शीतलता प्रदान करते हैं। बढ़ते तापमान को कम करने में भी मदद मिलेती है। इससे यात्रियों को भीषण गर्मी से राहत मिल रही है।

### जबलपुर व मदुरै के बीच फेरा लगाएगी सुपर फास्ट समर स्पेशल ट्रेन 27 तक

जबलपुर एवं मदुरै के मध्य चल रही सुपर फास्ट साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 15 फेरा लगाएगी। ये ट्रेन जबलपुर से मदुरै के लिए 02122 नंबर के साथ 18 अप्रैल से 26 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी मदुरै से जबलपुर के लिए 02121 नंबर के साथ 20 अप्रैल से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन 11 एसी-3, 2 एसी-2, 5 स्लीपर, 2 एसएलआर एवं 2 ब्रेक वैन सहित 22 कोचों के साथ चलेगी ।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1. विपिन दुबे, धुरीपारा मंगला 2. वासु दुबे, धुरीपारा मंगला 3. सरिता दुबे, मकान नं. - 319, वार्ड नं. - 02, 27 खोली विकास नगर 4. प्रीति तिवारी, 27 खोली इन्द्रसेन नगर 5. दिनेश कुमार तिवारी, गीतांजली सिटी फेस - 2, गली नं.-7 6. वैभव दुबे, धुरीपारा मंगला 7. राजीव भट्ट, आजाद नगर देवरीखुर्द 8. विशेषकांत श्रीवास, रामनगर गोड़पारा 24/30 बिलासपुर 9. परमेश्वर सूर्यवंशी, बिरकोना 10. गणेश श्रीवास, तारबहार नाईपारा बिलासपुर 11. सूरज कुमार सूर्यवंशी, बिरकोना बिलासपुर 12. कुमारी शिखा गुप्ता, हेमूनगर गुड़ाखू फैक्ट्ररी रोड शासकीय स्कूल के सामने 13. लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, संजय नगर चांटीडीह बिलासपुर 14. रविशंकर सूर्यवंशी, नरगोड़ा सीपत 15. सुखनंदन दास मानिकपुरी, रामनगर बिलासपुर 16. श्रीमति सीता गोयल, कालिका नगर तिफरा 17. कविता सारथी, जरहाभाठा 18. राजेश टंडन, मझंवापारा राजीव गांधी चौक 19. ज्वाला प्रसाद डहरिया, अमेरी चौक उमंग हास्पिटल के पास 20. अनिता देवांगन, जूना बिलासपुर 21. शीतल देवांगन, लिगियाडीह राजकिशोर नगर 22. ज्योति देवांगन, राजकिशोर नगर बिलासपुर 23. विश्वजीत सिंह,सी.के. आवास अशोकनगर 24. रमेश कुमार रावल, शुभम् विहार ओम जोन कालोनी 25. मनोरमा कोरी गली नं. - 2, बंगाली पारा सरकण्डा 26. सुनीता सोनी, गंगा नगर फेस - 2, महावीर अपार्टमेंट मंगला 27. नरेश कुमार गुप्ता, बंगालीपारा काली बाड़ी सरकण्डा 28. विजय यादव, अरविंद नगर बंधवापारा सरकंड़ा 29. कर्णिका स्वर्णकार, 1/711, सेक्टर - 2, गंगानगर मंगला रोड 30. श्रीमति विजय राजे श्रीवास, तेलीपारा दरबार लॉज गली नं. - 2, 31. राम कुमार निर्मलकर, मेन रोड मोपका श्याम हार्डवेयर्स एवं प्लाईवुड 32. फरीदा बेगम, फेजनगर तालापारा 33. श्रीमति कमला सेन, एफ - 2, बाबजीनगर तिफरा 34. रामेन्द्र कुमार बिलासपुर 35. गिरधारी लाल चौधरी., पुलिस लाईन क्वा. नं. - 15, बिलासपुर 36. श्री संस्कार गोयल, कालिका नगर तिफरा 37. रमेश मौर्या, आर- 2, विघानगर बिलासपुर 38. ओमलता सोनी, नेहरू नगर जब्बलगली बिलासपुर 39. गीत यादव, भवानी नगर सिरगिट्टी 40. बीना यादव, करबला रोड बिलासपुर 41. उम्मेद दास मानिकपुरी, बंधवापारा सरकंण्डा 42. हरि राम साहू, नेवरा गनियारी 43. सौरभ यादव, डी - 72, ड्रीमसिटी कालोनी खमतराई 44. किरण अजमानी, दयालबंध बिलासपुर 45. कंचन देवांगन, राजकिशोर नगर बिलासपुर 46. अमन देवांगन, करबला बिलासपुर 47. श्रीमति शशिबाला आल्फ्रेड, शांतिनगर अमेरी रोड - 2, 48. कमल नारायण लहर्से, ग्राम - उरतुम 49. राजपाल सिंह राजपूत, एम.आई.जी. - बी/45, चन्देला नगर बिलासपुर 50 .ताराचंद नायक, बैमा , बिलासपुर।

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें

बिलासपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

2


महिला सेवा समिति ने मनाया चैत्र नवरात्रि पर्व

**जागरूकता**

## एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के सैनिकों ने जाना स्वच्छता का महत्व

बिलासपुर। आधारशिला विद्या मन्दिर न्यू सैनिक स्कूल में आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्र -छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने इस अभियान में बढ़-चढ़ कर अपनी प्रतिभागिता दिखाई। विद्यार्थियों ने प्रार्थना स्थल, प्ले ग्राउंड , बाल - वाटिका, क्रिकेट ग्राउंड और बास्केटबाल ग्राउंड की साफ- सफाई हेतु श्रमदान किया। नौनिहालों ने भी इस स्वच्छता अभियान में न केवल अपना योगदान दिया बल्कि अन्य छात्र- छात्राओं के साथ पूरे समय उत्साह पूर्वक बने रहे। विद्यालय में होने वाले ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक और नैतिक विकास के लिए आवश्यक होते हैं। आधारशिला विद्या मंदिर समय - समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करके विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने का निरंतर प्रयास करता है। जीवन के लिए आंतरिक स्वच्छता के साथ वाह्य स्वच्छता का सामंजस्य जरूरी होता है। इस उक्ति को व्यावहारिक रूप में लाने के लिए ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ उनके उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ,डायरेक्टर एस० के० जनास्वामी, विद्यालय की प्रिंसिपल जी० आर० मधुलिका, एक्स आर्मी रिटायर्ड मास्टर वारंट ऑफिसर विपिन श्रीवास्तव एवं एच.एम.टी.क्लास-I ऑफिसर हिमांशु ज्ञानी सहित सभी अध्यापक - अध्यापिकाएँ मौजूद थे। विद्यालय के डायरेक्टर व प्रिंसिपल ने स्वयं झाडू लगाकर इस अभियान हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए इस कार्यक्रम का शुभ आरम्भ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों मे श्रमदान की आदत विकसित करना है जिससे बच्चे घर,बाहर,स्कूल-कॉलेज में साफ- सफाई के प्रति सजग रहें।

**स्कूल इवेंट**

## द जैन स्कूल में स्केट्स साइकिल रैली

बिलासपुर। द जैन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा युवा सशक्तिकरण के तहत तकरीबन 300 छात्रों द्वारा स्केट्स एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरूवात विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक नायडू द्वारा झंडी दिखाकर पुलिस ग्राउंड से की गई। इसका समापन सीएमडी कॉलेज ग्राउंड में हुआ। समापन समारोह में छात्रों द्वारा सामूहिक जुंबा डांस भी किया गया। इस रैली स्वागत भी किया गया, रैली में स्व्च्छता एवं खेल के प्रति जागरूकता का भी संदेश दिया गया। इस गतिविधि से पूरे नगर में नए उत्साह का संचार हुआ, इसमें 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चे शामिल थे।




**जॉब अलर्ट**

## रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स में एसआई कांस्टेबल के लिए आवेदन शुरू

बिलासपुर। रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ की ओर से कांस्टेबल एवं एसआई के 4660 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। उम्मीदवार रेलवे पुलिस फोर्स में शामिल होने ऑनलाइन माध्यम से आरपीएफ की ऑफिशियल वेबसाइट rpf.indianrailways.gov.in पर आवेदन कर सकेंगे। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 15 मई तय की गई है। इस भर्ती में भाग लेने से पूर्व अभ्यर्थी पात्रता एवं मापदंड की जानकारी अवश्य हासिल कर लें। आरपीएफ कांस्टेबल पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का एसआई पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं/ मैट्रिक उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा सब-इंस्पेक्टर (एसआई) पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है।



### महिलाओं के लिए 250 रुपए फीस

भर्ती के लिए एप्लिकेशन फॉर्म का लिंक कल आधिकारिक वेबसाइट पर एक्टिव हो जाएगा। इसके बाद आपको पहले रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण करना होगा। रजिस्ट्रेशन होने के बाद अभ्यर्थी लॉग इन के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में 500 रुपए और एससी/ एसटी/ पीएच एवं महिला उम्मीदवारों को 250 रुपए भुगतान करना होगा।

42.4

# आग उगल रहा सूरज

# स्कूली बच्चे हो रहे परेशान

**पालक कर रहे छुट्टी की मांग**

धूप में निकलने से बच्चों की सेहत बिगड़ने का डर
जिला प्रशासन से स्कूल की छुट्टी की मांग कर रहे

बिलासपुर। सूर्य की तेज तपिश से हर वर्ग परेशान है। सुबह 10 बजे के बाद निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं सभी सीबीएसई स्कूलों में नया शिक्षण सत्र चल रहा है। स्कूलों को सुबह 7 से 11 बजे तक लगाया जा रहा है, लेकिन 11 बजे स्कूल से छूटने व घर पहुंचते तक नर्सरी व प्राइमरी के बच्चों का बुरा हाल हो रहा है। तेज धूप व गर्मी से स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है, इसको लेकर अभिभावक स्कूल की छुट्टी मांग कर रहे हैं।





### बड़ों से अधिक बच्चों को नुकसान

डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि तेज धूप में विशेषकर बच्चों को नहीं निकालें, अगर बहुत आवश्यक है तो शरीर को पूरी तरह ढंककर ही निकालें। बड़ों की तुलना में बच्चों को तेज धूप बहुत प्रभाव करता है। स्वच्छ जल का ही सेवन करें, गंदा पेयलन बिलकुल भी ना पीएं।



### धूप से हीट एक्जॉशन

डॉ अग्रवाल ने बताया कि तेज धूप से बच्चों को हीट एक्जांशन होता है, इससे बच्चों का हाथ-पैर दर्द होगा, ये प्रारंभिक है। तेज गर्मी का असर शरीर में पड़ा तो हीट स्ट्रोक होता है, जिसमें उल्टी-दस्त जैसी बीमारी होती है, जो बच्चों के लिए बड़ी समस्या पैदा कर सकती है।

### बच्चों में डिहाइड्रेशन का खतरा

डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने बताया कि पारा 40 पार होने पर शून्य से 10 साल के तक बच्चों का विशेष ख्याल रखना जरूरी है। उन्हें हर घंटे भरपूर मात्रा में पानी पिलाना, नाश्ता खिलाना, नमक व नीबू पानी का घोल पिलाना जरूरी है। पानी की कमी होने पर बच्चों में डिहाइड्रेशन का खतरा रहता है। प्रदूषित पानी पीने की स्थिति में पेट में इंफेक्शन का भी खतरा बना रहता है। ज्यादा गर्मी में बच्चों का घर से बाहर धूप में निकलना नुकसान दायक है।

### रेशेदार फलों का करें सेवन

इस तेज गर्मी में पानी के साथ इस सीजन में आने वाले फल तरबूज, खरबूज, ककड़ी, संतरा व नारियल पानी, दही इनका सेवन जरूर करें। इसको खाने में शामिल करें, ये फल शरीर में पानी की कमी को दूर करता है, और पेट को ठंडा भी रखता है।



### कलेक्टर से करेंगे चर्चा

डीईओ टीआर साहू ने कहा कि डीपीआई के निर्देश के तहत सुबह 7 से 11 बजे तक स्कूल लग रही है। अभी तक किसी पालक की शिकायत नहीं आई है, तापमान बढ़ रहा है। इस विषय पर कलेक्टर से चर्चा करेंगे।



## मरी माई मंदिर से निकली सोलापुरी माता की शोभायात्रा, रेलवे क्षेत्र का किया भ्रमण

बिलासपुर। श्री सोलापुरी माता पूजा का आयोजन बारह खोली चौक, स्टेशन रोड में किया जा रहा है। देवी की स्थापना से पहले शोभायात्रा निकालकर उन्हें नगर भ्रमण कराया गया। दक्षिण भारत और पश्चिम बंगाल के खड़कपुर में सोलापुरी माता की पूजा धूमधाम से की जाती है। बिलासपुर रेलवे क्षेत्र वायरलेस कॉलोनी में भी इस आयोजन की शुरुआत की, इन्हीं आयोजनकर्ताओं द्वारा 24वें वर्ष में सोलापुरी माता की स्थापना की जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव ने बताया कि मां सोलापुरी की स्थापना और पूजा अर्चना से जहां ग्रीष्म काल में होने वाले विभिन्न रोगों से मुक्ति मिलती है, तो वही जिस स्थान पर देवी की पूजा अर्चना की जाती है, उस पूरे नगर में शीतलता आती है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सोलापुरी माता की स्थापना के साथ ही बिलासपुर में पड़ रही तेज गर्मी से भी अवश्य निजात मिलेगी। गुरुवार को राटा पूजा के बाद शुक्रवार दोपहर को खड़कपुर से आए पुजारी पार्थ सारथी ने बड़ी ही कुशलता से गीली हल्दी से माँ सोलापुरी की प्रतिमा निर्मित की। जिनका श्रृंगार मोगरे के फूल, नींबू आदि से किया गया। सूरज ढलते ही लोको कॉलोनी स्थित त्रिपुर सुंदरी मां मरी माई मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। इस शोभायात्रा में आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामाराव, सचिव एस सांई भास्कर, कोषाध्यक्ष बी शंकर राव, टी गिरधर राव, सी नवीन कुमार, एल श्रीनिवास , डी भास्कर राव ,आर रवि शंकर आदि शामिल रहे।

**24वें वर्ष सोलापुरी माता की स्थापना की जा रही**

### महिलाओं ने रास्ते में बिछाई साड़ियां

शोभा यात्रा में बाल पुजारी देवी विग्रह को अपने सर पर धारण किए हुए आगे आगे चलते रहे। पारंपरिक डफली के अलावा बैंड बाजा और धुमाल के साथ निकली। शोभा यात्रा के स्वागत में श्रद्धालु पलके बिछाए प्रतीक्षा कर रहे थे। मां सोलापुरी के स्वागत में पूरे रास्ते को बुहारा गया और शीतल जल का छिड़काव किया गया। मां के मार्ग को निष्कंटक करने के लिए पूरे रास्ते महिलाओं ने साड़ियां बिछा दी। कलश में नीम और हल्दी युक्त पवित्र जल लेकर देवी की प्रतीक्षा की गई, जिनका जलाभिषेक करते हुए आरती उतारी गई, तो वहीं मान्यता अनुसार देवी के भक्त सड़क पर लेट जाते थे जिनके ऊपर से यह शोभायात्रा गुजरी। ऐसा करने से देवी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। शोभा यात्रा गुरुनानक चौक, आरटीएस कॉलोनी, जोन कार्यालय होते हुए तितली चौक, बाबू खोली, बंगला यार्ड, कंस्ट्रक्शन कॉलोनी होते हुए तारबाहर नाका पहुंची, बंगला यार्ड, होते हुए शोभायात्रा आयोजन स्थल पहुंची। शोभायात्रा में सफेद गणवेश पहने समिति के वालंटियर शामिल रहे, जिन्होंने स्व अनुशासन से पूरे शोभायात्रा को संचालित किया।

## खाटू श्याम मंदिर में पुदीने, तुलसी सेवंती व मोंगरे का अलौकिक श्रृंगार



### कामदा एकादशी पर महाआरती व प्रसाद का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घोंघा बाबा मन्दिर परिसर खाटू श्याम मन्दिर में चैत्र शुक्ल पक्ष कामदा एकादशी मनाई गई। दिन भर मन्दिर में विविध कार्यक्रम हुए। रात्रि भजन संध्या के बाद महाआरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। भीषण गर्मी को देखते हुए इस बार प्रभु श्याम का पुदीने, तुलसी, सेवंती और मोंगरे से अलौकिक श्रृंगार किया गया। श्रृंगार में 31 माला पुदीना, 21 तुलसी, 11 सेवंती सहित मोंगरे की माला का श्रृंगार किया गया। सुबह श्रीराम मन्दिर तिलक नगर से निशान ध्वज यात्रा निकली गई, जिसमें भक्तों ने विशेष उत्साह के साथ अपने प्रभु को निशान मनोकामना ध्वज अर्पित किया। संध्या आरती के बाद भजनों की सेवा के साथ भक्तों ने अपने आराध्य को खूब रिझाया। मन्दिर परिसर अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने बताया गया की चैत्र नवरात्रि के साथ गणगौर उत्सव, रामनवमी, श्याम बाबा की एकादशी, उसके बाद हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन होगा। पूरे आयोजन में मन्दिर में दर्शन करने भक्तों का तांता लगा हुआ है।

**जेवियर्स प्रीमियम लीग का आगाज**

## खेल में उतार चढ़ाव, विजय पाने ईमानदारी व लगन से कार्य करना होगा

**स्पोर्ट्स न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट जेवियर स्कूल व्यापार विहार के तत्वाधान में भरनी स्थित स्कूल परिसर में सेंट जेवियर्स ग्रुप द्वारा 19 अप्रैल से तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है, जिसमें बिलासपुर जोन के जेवियर्स के सभी ब्रांच हिस्सा ले रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणजी खिलाड़ी मोहम्मद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जीवन एवं खेल में उतार चढ़ाव आते हैं, उन पर विजय पाना है तो पूरी ईमानदारी एवं लगन से कार्य करना होगा। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स ग्रुप आफ स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. जी. एस. पटनायक ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया तथा उन्हें मेहनत करने की सीख दी। स्कूल ग्रुप के सीईओ मुकेश सराफ सीईओ, डॉ. बी. बी. महाता, डायरेक्टर लेखाश्री, प्राचार्य जे. एस. हुंडल, एवं सेक्रेटरी सुप्रिया ए.पी. ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने ग्रुप आफ स्कूल के सभी खेल शिक्षक एवं शिक्षक पूरी लगन से प्रयासरत हैं।




### पहले दिन तीन मैच खेले गए

आज उद्घाटन समारोह के बाद तीन मैच हुए, जिसमें भरनी ब्लास्टर ने मुंगेली मास्टर्स के खिलाफ 107 रन बनाए और 86 रन से भरनी ने विजय हासिल की। दूसरे मैच में सिरगिट्टी सुपरस्टार ने कोटा किंग के खिलाफ 180 रन बनाए और 54 से विजय हासिल की। इसी प्रकार तृतीय मैच सरकंडा स्ट्राइकर ने अकलतरा एवेंजर्स के खिलाफ 108 रन बनाए और 95 रन से जीत हासिल की। मैच को रोमांचक बनाने मैच का स्कोर ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है एवं टीमों को आकर्षक नाम दिया गया। शिक्षकों की दो टीम बनाकर उन्हें भी मैच खेलने का अवसर दिया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### करनकापा में नवधा रामायण आज से

**तखतपुर**। अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन करनकापा में 20 से 29 अप्रैल तक किया गया है। जिसमें आचार्य पं रविशंकर पाण्डेय, महेश पाण्डेय एवं यजमान श्रीमती कुंती शिव प्रसाद यादव है। इस तैयारी में रामस्वरूप कश्यप, प्रमोद कौशिक, स्वतंत्र साहू, पतिराम साहू, चंद्रभुषण साहू, सुंदर यादव, जलस राम जायसवाल, मनोज साहू, महेंद्र साहू, कृष्ण कुमार, बनमानी साहू, हेमू जायसवाल सहित अन्य लगे हुए है।

### निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण शिविर 21 से लोरमी में

**लोरमी**। मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा ग्रीष्म कालीन निः शुल्क शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 से 27 अप्रैल तक शाम 4.30 से 6 बजे महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाफल लोरमी में किया जा रहा है। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी जिले का प्रतिनिधित्व राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे।

### निःशुल्क नीट प्री-मॉक टेस्ट का आयोजन

**मुंगेली**। नीट यूजी परीक्षा 2024 के फार्म भरने वाले एवं तैयारी करने वाले छात्रों के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में 3 मई शुक्रवार को निःशुल्क नीट प्री-मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक छात्र-छात्रा 25 अप्रेल तक नीट कॉनफर्मेशन पेज की फोटो कापी एवं स्वयं का एक-एक पोस्ट कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर या वाट्सएप नंबर के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

### निःशुल्क क्रैश कोचिंग 10 जून तक

**मुंगेली**। बीएससी नर्सिंग परीक्षा का फार्म भर चुके छात्रों के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण मास्टर की एकेडेमी द्वारा 10 जून तक निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग दी जा रही है। दूर से आने वाले छात्र-छात्रा भोजन व्यय जमा कर आवासीय सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**कोरबा**। नालसा नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त लोक अदालत को सफल बनाने हेतु श्री सत्येंद्र कुमार साहू अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सचिव श्रीमती शीतल निकुंज ने आम नागरिकों से अपील की है।

## निधन

### श्रीमती प्रमिला पांडेय



**बिलासपुर**। सरकंडा निवासी श्रीमती प्रमिला पांडेय का 19 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नरसिंह पांडेय की पत्नी एवं आशुतोष, अखिल, आलोक व अभिजित पांडेय की माता थीं।

### मोहनलाल श्रीवास



**बिलासपुर**। गोंडपारा निवासी मोहनलाल श्रीवास का 18 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रदीप श्रीवास, सतीश श्रीवास के भाई व संजय श्रीवास के पिता थे।

### कौशल्यादेवी बेलानी



**बिलासपुर**। जूना बिलासपुर कृष्णा नगर निवासी श्रीमती कौशल्या देवी बेलानी का 19 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दिन शनिवार 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व झामन दास बेलानी की पत्नी एवं खानचंद, लालचंद बेलानी की मां व दिनेश, दीपक, यशवंत, करण की दादी थीं।

---

### पुलिस व नगर पालिका गौरेला की संयुक्त कार्रवाई

# ट्रैफिक में बाधा बन रहे दुकानदारों के सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीपीएम

जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में जिला पुलिस, पुलिस, नगर पालिका गौरेला के द्वारा सड़क पर सामान फैलाकर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों पर की संयुक्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों के द्वारा सड़क में फैला कर रखे गए बोर्ड व अन्य सामानों को नगर पालिका के द्वारा जब्त किया गया।

■ व्यापारियों को दी गई चेतावनी

जिला बनने के बाद पेंड्रा एवं पेंड्रारोड में यातायात का दबाव बढ़ा है। दुकानदारों के द्वारा अपने सामानों को रोड पर निकाल कर प्रदर्शित करने के कारण जाम की स्थिति बन जा रही थी। एसपी भावना गुप्ता को इस संबंध में शिकायत प्रस्तुत किया गया था। इस हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस एवं नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में गौरेला शहर के मुख्य मार्ग, मंगली बाजार, रेस्ट हाउस रोड में रखे गए बोर्ड व सामान को जब्त किया गया है। एसपी ने कहा है कि यातायात को बाधित करने वालों के ऊपर इस प्रकार की कार्रवाई लगातार की जाएगी।



गौरेला नगर में सड़क के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करती टीम।

#### लगते रहता है जाम

गौरेला नगर पालिका क्षेत्र में रेलवे स्टेशन कमानिया गेट से लेकर तहसील चौक तक सर्वाधिक यातायात का दबाव रहता है। यहीं पर रेलवे स्टेशन से लेकर संजय चौक तक दुकानदार भी सड़क सकरी होने के बावजूद सामान बाहर रखते हैं। वही तहसील चौक में एसडीएम कार्यालय होने के बावजूद अव्यवस्थित और बेतरतीब ढंग से दुकान और पार्किंग होने के कारण बड़ी मुश्किल से लोगों को गौरेला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य कार्यालय में जाने तक के लिए जगह मिल पाती है। पेंड्रा शहर में नया बस स्टैंड से लेकर दुर्गा चौक और सरस्वती शिशु मंदिर तक तो दूसरी ओर अग्रसेन भवन तक ऐसे ही हालात हैं। वही मरवाही में बरैहां मोड़ से लेकर लोहारी चौक तक सड़क चौड़ी तो है पर सड़कों पर दुकान लग जाने और दुकानदारों के सामान बाहर रखने से हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है।

---



# जलजीवन मिशन के लिए खोदे गए गड्ढे में फंसा ट्रैक्टर

**जरहागांव**। गांव में शुद्ध पानी देने के उद्देश्य से पाइप बिछाने गड्ढे खोदे गए पर ठेकेदार की लापरवाही के कारण आज तक गड्ढों को भरा नहीं गया है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्राम कुरानकापा में जल जीवन मिशन के लिए खोद गए गड्ढे में ट्रैक्टर फंस गया। ईश्वर चतुर्वेदी ने बताया कि सभी मोहल्ले में पाइप बिछाने गड्ढा खोदकर भूल गए हैं। इसकी जानकारी विभाग में दी जा चुकी है। सरपंच शंकर यादव ने बताया कि नल की टोटियां सूख रही हैं। कुरानकापा पंचायत में तीन गांव सम्मिलित है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइप लाइन बिछाई गई है। पूरे गांव में टोटियां लगाई गई। पर अब तक उनके हलक सूखे हैं। सरपंच शंकर यादव ने बताया कि गांव में गड्ढे खोदे गए पर उसे भरा नहीं गया। भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

#### मंगाई जाएगी जानकारी

पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गड्ढे को जहां भी नहीं भरा गया है उन जगहों जानकारी मंगाकर कार्रवाई की जाएगी।

-आईपी मंडावी, पीएचई विभाग मुंगेली

---

# खैरा में 5 दिन से बिजली बंद भीषण गर्मी से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

समीपस्थ ग्राम पंचायत खैरा में ट्रांसफार्मर जलने से पांच दिनों से भीषण गर्मी से ग्रामीणों का हाल-बेहाल है। खैरा की जनपद सदस्य आरती रामप्रसाद पटेल ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की सूचना बिजली विभाग को पांच दिन पहले ही दी चुकी है। विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पांच दिन से बिजली बंद होने के कारण खैरा के लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को दूसरे गांव से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं नदी, तालाब के पानी से निस्तारी कर रहे है। गर्मी के मौसम में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंखा-कूलर बंद रहने से गांव वालों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। गर्मी, उमस से लोगों का हाल-बेहाल है। मजबूरी में लोग घर के बाहर या छत में सो रहे है। वहीं मोमबत्ती या चिमनी के रोशनी में लोगों को रात गुजर रही है। मोबइल चार्ज करने के लिए लोगों को इधर-उधर भाग दौड़ करना पड़ रहा है.



#### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

ट्रांसफार्मर को न बदलने से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के अधिकारियों के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। जनपद सदस्य आरती ने कहा कि हम लोग पिछले पांच दिनों से कैसे रह रहे हैं हम ही जानते हैं। बिजली बंद से पीने, नहाने का पानी, पंखा-कूलर नहीं चलने से गर्मी में सेहत खराब हो रही है। तिफरा जेई को कई बार फोन करने के बाद जवाब नहीं दे रहे हैं।

---

## न्यौता भोज में चंदली शाला के बच्चों ने चखा स्वादिष्ट भोजन

**लोरमी**। शासकीय हाई व पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला चंदली के शिक्षकों के सहयोग से पूर्व माध्यमिक शाला चंदली में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों स्कूल के बच्चे पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन ग्रहण किए। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, संकुल समन्वयक रहीम कुमार डाहिरे, प्रधान पाठक संजय दास वैष्णव, घनश्याम देवांगन, चैतराम बंजारे, उमेश सिंह राजपूत, पप्पू राम साहू, भूपेन्द्र सिंह राजपूत, गौतम साहू, जसमीन पात्रे, सूर्यभान सिंह राजपूत, मुकेश यादव, अनिता ठाकुर, मंजूबाला जायसवाल रसोईया और सफाई कर्मचारी तथा ग्रमीण उपस्थित रहे।



---

# जीवन व खेल में आते रहते हैं उतार-चढ़ावः शाहनवाज

**मुंगेली**। सेंट जेवियर्स ग्रुप द्वारा 19 अप्रैल से तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें बिलासपुर जोन के जेवियर्स के सभी ब्रांच हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणजी खिलाड़ी मोहम्मद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जीवन एवं खेल में उतार चढ़ाव आते हैं। उन पर विजय पाना है तो पूरी ईमानदारी एवं लगन से कार्य करना होगा।



इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निदेशक एवं भारतीय एथलेटिक्स संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जीएस पटनायक ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। स्कूल ग्रुप के सीईओ मुकेश सराफ, डॉ. बीबी महाता, डायरेक्टर सुश्री लेखाश्री, प्राचार्य जेएस हुंडल एवं सेक्रेटरी सुप्रिया एपी उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आज तीन मैच हुए। जिसके परिणाम भरनी ब्लास्टर 107 रन विरुद्ध मुंगेली मास्टर्स 86 रन से भरनी ने विजय हासिल की। तृतीय मैच सिरगिट्टी सुपरस्टार 180 रन विरुद्ध कोटा किंग 54 से सिरगिट्टी सुपरस्टार ने विजय हासिल किया। तृतीय मैच सरकंडा स्ट्राइकर 108 विरुद्ध अकलतरा एवेंजर्स 95 रन से सरकंडा स्ट्राइकर ने विजय हासिल की। मैच को रोमांचक बनाने मैच का स्कोर ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है एवं टीमों को आकर्षक नाम दिया गया है।

---

# एसडीएम डॉ. पटेल ने किया प्रतिभागियों को पुरस्कृत



स्वीप अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल अफसर।

तखतपुर। स्वीप कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एसडीम डॉ.ज्योति पटेल द्वारा पुरस्कृत किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा स्वीप कार्यक्रम क्षेत्र में शतप्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करने शिक्षिकाओं की ओर से महा रंगोली का आयोजन आत्मानंद विद्यालय में किया गया। जिसमें 45 संकुलों से 100 महिला शिक्षक शामिल हुए।

एसडीएम डॉ.ज्योति पटेल ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें इस बात की भी जानकारी दें कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति की भागीदारी होती है और यह भागीदारी मत दान देकर निभाई जाती है। इसलिए हर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने बताया की लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और इसी तरह कई आयोजन आगे भी होंगे। प्रतियोगिता प्रथम स्थान मोहनी तुमर, मधु मार्को, स्नेहलता, द्वितीय ममता, विजेता एवं तृतीय स्थान दुर्गा यादव को मिला। आयोजन को सफल बनाने सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल, श्रीमती संगीता कोसरिया, आत्मानंद के प्राचार्य मौसमी रॉबिंसन, बालक स्कूल के प्राचार्य देवहूति कुंजाम सहित समन्वयक वल्लभ रजक, मनोज पवार, राम भुवन यादव, नितेश सिंगरौल, अमरदीप शर्मा, लवकांत द्विवेदी, अजय तिवारी, गेंदा उपाध्याय, राजेश चौबे, मनोरमा बर्मन, हीरालाल जांगड़े, प्रेमलाल जायसवाल, अशोक पांडे, विजय पांडे, जितेन्द्र ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होंगे मुंगेली जिले के प्रतिभागी

**मुंगेली**। 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता नेटबॉल बालक/बालिका 19 वर्ष रेवारी हरियाणा में 26 से 30 अप्रैल तक आयोजित होगा। जिसमें मुंगेली जिले की टीम भाग ले रही है। राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता हेतु राज्य की टीम में जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू से बालक वर्ग मे कृष्णा कुमार कुर्रे 11वीं जीवविज्ञान संकाय तथा बालिका वर्ग मे केवरा यादव 11वीं कला संकाय का चयन हुआ है।

उक्त प्रतियोगिता का कोचिंग कैम्प 21 से 23 अप्रैल तक 3 दिवसीय बलोदाबाजार-भाटापारा जिला में लगाया जा रहा है। कोचिंग कैम्प एवं प्रतियोगिता हेतु रवाना होने से पूर्व दोनों खिलाड़ियों से मुलाकात कर जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ द्वारा परिचय प्राप्त कर बधाई देते हुए उत्साहवर्धन एवं शुभकामनाएं प्रदान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजयी होकर जिले तथा राज्य का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किए। खिलाड़ियों के साथ हरियाणा जाने जिले से मैनेजर बालक निर्मल जांगड़े एवं मैनेजर बालिका राजनंदिनी निराला का चयन हुआ है।



अफसरों के साथ चयनित खिलाड़ी।

---

## जिला अस्पताल में मरीज के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण



**मुंगेली**। जिला चिकित्सालय में एक मरीज के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय ने बताया कि ग्राम लोकईपुर की 60 वर्षीय श्रीमती शिवकुमारी ध्रुव घुटनों के दर्द से परेशान थी। वह जिला चिकित्सालय में ईलाज कराने आई तो जांच में दोनों घुटनों के पूरी तरह घिसने की जानकारी हुई। जिसके पश्चात मरीज को कृत्रिम घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. श्रेयांस पारख ने मरीज तथा उनके परिजनों की सहमति पश्चात एक-एक कर दोनों घुटनों का आपरेशन कर कृत्रिम घुटना प्रत्यारोपण किया गया। जिससे शिवकुमारी के दोनों पैर पूरी तरह ठीक हो गए हैं और वह अब बिना किसी सहारे के चल पा रही है।

---

# घर में घुसकर चोरों ने किए 1 लाख 45 हजार रुपए पार

**लोरमी**। ग्राम चकला में अज्ञात तत्वों ने धान की कोठी के नीचे रखी पेटी से 1 लाख 45 हजार रुपए पार कर दिया। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी है। पुलिस के अनुसार चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की देर रात ग्राम चकला यादव पारा निवासी सीताराम यादव 50 वर्ष घर में सो रहा था, इसी दौरान दरवाजे की सिटकनी खोलकर चोर अंदर आए और धान की कोठी के नीचे पेटी में रखे 1 लाख 45 हजार रुपए चोरी कर ले गए। प्रार्थी के रिपोर्ट पर पुलिस भादवि 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई है।

■ पपुलिस जांच में जुटी



### महुआ शराब जब्त

**तखतपुर**। अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि लिदरी के पास एक युवक अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर सत्य किरण पिता जीवन लाल महादेवा के पास 42 पाव देशी शराब जब्त करते हुए। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### रौनाकापा में 35 लीटर कच्ची शराब और 400 किलो महुआ लाहन जब्त

**मुंगेली**। अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग द्वारा छापेमार कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त प्रकाश पाल ने बताया कि पथरिया ब्लाक के ग्राम रौनाकापा में 35 लीटर कच्ची शराब और 400 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी विभाग के कर्मचारी शामिल रहे।

---

### रागी जत्थों ने शबद कीर्तन से साध संगत को किया निहाल

# सिख समाज ने हर्षोल्लास से मनाया 325वां बैसाखी पर्व

**तखतपुर**। सिख समाज द्वारा 325 वां बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस परिप्रेक्ष्य में तीन दिनों तक प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें शबद कीर्तन करते हुए साथ संगत ने नगर भ्रमण किया।

आज सुबह विशेष दीवान सजाया गया जिसमें सहज पाठ की समाप्ति हुई। स्थानीय रागी जत्थों ने शबद कीर्तन के साथ साध संगत को निहाल किया। दोपहर में निशान साहिब चोला परिवर्तन अवतार सिंह गुंबर द्वारा किया गया। तदोपरांत गुरु का अटूट लंगर चला। रात्रि में पुनः दीवान सजाया गया। जिसमें बच्चों का कोरस शबद कीर्तन हुआ सीनियर ग्रुप के 11 समूह कीर्तन जत्थों का शबद कीर्तन हुआ। जिससे साध संगत निहाल हुई। रात्रि में साध संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर चला। गुरुद्वारा को रंगीन रोशनियों से सजाया गया एवं आतिशबाजियां की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान कुलवंत सिंह हूरा, ज्ञानी मंगत सिंह खालसा, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, भगवंत सिंह मल्होत्रा, दयाल सिंह बग्गा, अवतार सिंह गुंबर, त्रिलोक सिंह बग्गा, मनजीत खनूजा, पृथ्वी पाल हूरा, डॉ. मदन सिंह हूरा, सुरजीत सिंह हूरा, कल्याण सिंह हूरा, गुरचरण सिंह बग्गा, इंद्रजीत सिंह मक्कड़, सचिव रमन सिंह हूरा, उपेंद्र खुराना, रविंदर खुराना, जसपाल खुराना, हरजीत सिंह इच्छपुरानी, गुरुदयाल सिंह हूरा, हरविंदर सिंह हूरा, मनजीत सिंह चंचल, प्रीतम खनूजा, बृजपाल सिंह हूरा, हरचरण सिंह हूरा, दलबीर सिंह मक्कड़, इंदरपाल हूरा, हरपाल खुराना, रजवंत खुराना, अमित बग्गा, अमरजीत बग्गा, हरिकिशन मक्कड़, सतनाम मक्कड़, रमन मक्कड़, रोहित मक्कड़, यशराज हूरा, कुक्कू बग्गा, प्रांशु हूरा, तरण खुराना, हर्ष हूरा, गोलू मुच्छल, खुशमीत बग्गा, राजवीर हुरा, अनमोल गांधी, अगम हूरा, पवित खुराना, हरवीर हूरा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



हर्षोल्लास के साथ वैशाखी पर्व मनाते समुदाय के लोग।

#### लुधियाना के रागी जत्थों से साध संगत हुई निहाल

परंपरा के तहत कुलवंत सिंह हूरा, कल्याण सिंह हूरा, रविंद्र सिंह हूरा परिवार द्वारा सीनियर जूनियर कीर्तनी जत्थेदारों एवं सेवादारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। बैसाखी पर्व परिपेक्ष्य में लुधियाना के रागी जत्था इंद्रजीत सिंह तखतपुर पहुंचे। 14 अप्रैल की रात के दीवान में अपने शबद कीर्तन का ऐसा समां बांधा की साध संगत उसमें डूब कर पूरी तरह से निहाल हो गई। गुरुद्वारा में 15 अप्रैल सुबह भी लुधियाना के रागी जत्था अपने शबद कीर्तन से साध संगत को निहाल किया।

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न. 00040 तिफरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324400108600070

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम तिफरा के वर्तमान भूमिस्वामी हरदेवलाल बिसाहू सुरेखा चित्ररेखा पिता/पति जोहन दुरजन बेवा जोहन पता-सा देह रोहणी साहू पति मंगली उर्फ मंगल ना बा राजीव ना बा भावना पिता/पति - ना बा वली माँ रोहणी पति मंगली उर्फ मंगल पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 142/5 (0.0143) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता मृदुला डाहिरे पिता/पति - नारायण प्रसाद डाहिरे पता - साईं मंदिर रोड कुम्हारपारा बिलासपुर ] तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन /फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/04/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार Atul Vaishnav**
**तहसील बिलासपुर**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आदित्य तिवारी पिता दिनेश कुमार तिवारी निवासी वार्ड क्र. 47, मोपका चौक के पास, मोपका बिलासपुर, छ.ग. ने अपना पुराना नाम आदित्य कुमार तिवारी पिता दिनेश कुमार तिवारी बदल लिया है। इसलिए भविष्य मे मुझे सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों मे मेरे नए नाम यानि आदित्य तिवारी पिता दिनेश कुमार तिवारी से पहचाना जाना जाये ।

शपथकर्ता
आदित्य तिवारी
मोपका बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### एनीकट से लोहे का गेट 100 किलो रॉड चोरी

**बिलासपुर।** जल संसाधन विभाग के पिरैया एनीकट में लगे लोहे के गेट और 100 किलो ग्राम वजनी लोहे का राड अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। ऐसे में जल संसाधन विभाग के कर्मचारी ने चकरभाठा थाने में पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है। सकरी के बंधवापारा निवासी गोरेलाल साहू जल संसाधन निर्माण उप संभाग बिलासपुर में टाईप कीपर के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि ग्राम-पिरैया के समीप अरपा नदी पर निर्मित एनीकट बना हुआ है। यहां नदी के पानी को रोकने के लिए लोहे के गेट लगाए गए है। ऐसे में अज्ञात लोगों के द्वारा पहले गेटों को क्षतिग्रस्त किया गया और एनिकट के 2 जलद्वार हइस्ट समेत 100 किलो ग्राम वजनी लोहे के अन्य समानों को भी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है।

### लोगों को चाकू दिखाकर धमकाने वाले दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोनी रोड में सुबह मार्निंग वॉक करने वालों को धारदार चाकू और चापड़ दिखाकर डराने-धमकाने वाले दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। दरअसल कंट्रोल रूम को सुबह 4:30 बजे सूचना मिली कि आईटीआई चौक कोनी के पास बटनदार चाकू दिखाकर मॉर्निंग वाक करने वाले व्यक्तियों को डराया धमकाया जा रहा है। ऐसे में कोनी पुलिस वहां पहुंची और ईमलीभाठा निवासी मयंक शर्मा पिता रवि शर्मा 19 वर्ष को पकड़ लिया और उसके पास से 22 इंच का बटनदार चाकू जब्त किया गया। इसके साथ ही मुकेश कश्यप पिता लक्ष्मी प्रसाद कश्यप 19 वर्ष के कब्जे से 12 इंच चापड़नुमा धारदार चाकू बरामद किया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### 43 नग नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** छठ घाट पुल के पास पलिथीन में रखकर नशे का इंजेक्शन बेचते हुए एक युवक को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 43 नद इंजेक्शन बरामद हुआ है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। सरकंडा पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति घटघाठ पुल के पास मेन रोड सरकंडा में एक काले कलर के पलिथीन में अवैध नशीला प्रतिबंधित इंजेक्शन रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना मिलने पर थाने के पेट्रोलिंग टीम ने छठघाट पुल के पास पहुंचकर घेराबंदी कर कार्रवाई की, जहां मुरूम खदान निवासी सरफु उर्फ सरफरोज खान 23 वर्ष एक काला रंग का पलिथीन रखे मिला। तलाशी के दौरान उसके पास से 86 एमएल 43 नग नशे का इंजेक्शन बरामद किया गया। पुलिस ने सरफरोज को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### पटवारी का पकड़ा कॉलर जान से मारने की धमकी

**बिलासपुर।** कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में स्थित भूमि के स्थल निरीक्षण पर पहुंचे पटवारी के साथ धक्का मुक्की और कॉलर पकड़ने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने वाले 4 लोगों के खिलाफ कोटा थाना में शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की शिकायत के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। सेमरिया पटवारी तरूण कुमार साहू तहसीलदार कोटा के आदेश पर ग्राम करका निवासी आवेदक भगवान सिंह के नाम पर अंकित जमीन के निरीक्षण के लिए 2 कोटवार को लेकर सेमरिया पहुंचे थे। वहां वो जमीन का निरीक्षण कर ही रहे थे, उसी दौरान रामकुमार अनंत, आरती अनंत, महेश गेरे और भागवत चतुर्वेदी वहां पहुंचकर गाली गलौच के साथ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ ही पटवारी का कॉलर पकड़ धक्का-मुक्की करने लगा। पटवारी तरूण कोटवारों के साथ अपने वाहन में बैठे तो उसके सामने खड़े होकर तोड़फोड़ का प्रयास करते हुए उनके वाहन की चाबी और मोबाइल छीन लिया। वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। पटवारी ने कोटा थाना पहुंच मामले में शिकायत दर्ज कराई।

---

आचार संहिता लगने के कारण टेंडर नहीं हो रहा

पीएचई के द्वारा 80 से ज्यादा बोर अभी भी पाइप लाइन में, बिल्हा और तखतपुर की हालत सबसे खराब

# वाटर लेवल 35 फीट नीचे पहुंचा, कई गांवों में दो समय का नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भूमिगत पानी के अधिक दोहन के कारण अब गांवों में दो समय का पानी नसीब नहीं हो रहा है। पीएचई की रिपोर्ट के आधार पर जिले में कई जगहों पर पानी 35 फीट नहीं जा चुका है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बिल्हा और तखतपुर में हालत खराब हो रहे हैं।

■ परंपरागत तालाब भी सूखे, लोग हाल बेहाल

जिले में भीषण गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है, वहीं दूसरी और कई गांवों के बोर सूखने लगे हैं। हालत यह है परम्परागत तालाबों में भी निस्तारी का पानी नहीं बच रहा है। अभी तीन माह की गर्मी और बची हुई है ऐसे में आने वाले दिनों में पानी को लेकर हाहाकार मच सकता है। पीएचई के विभाग के अधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं, वहीं कई जगहों पर बोर और हैंडपंप के सुधार का कार्य किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर हैंडपंप अब महज हवा दे रहे हैं। इस दौरान जिले का औसत वाटर लेवल 35 फीट नीचे जा चुका है।

बोर से आधे इंच का पानी ही निकल पा रहा है, जिसके चलते लोगों को दो समय का पानी नहीं मिल रहा है। वहीं विभाग की मजबूरी यह है कि लोकसभा चुनाव के चलते 80 से ज्यादा बोर खनन के लिए टेंडर नहीं खुल पाया है, जिसके चलते क्षेत्र में बोर नहीं हो रहा है। बिल्हा, तखतपुर के कई गांव हैं, जहां पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

### अधिकारियों को है उम्मीद

जिले में हर साल की तरह इस साल भी गर्मी का धान लगाया गया है, जिसमें पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए ट्यूबवेल से पानी चलाया जा रहा है, जिसके चलते ही पानी की किल्लत सामने आई है। अधिकारियों को उम्मीद है कि अब गर्मी के धान काटे जा रहे है, जिससे पानी के इस्तेमाल में कमी आना तय है, ऐसे में वाटर लेवल मेंटेन हो सकता है, लेकिन अभी प्रचंड गर्मी शुरू भी नहीं हो सकी है। ऐसे में अधिकारियों के द्वारा की जा रही उम्मीद कहां तक सफल होगी, यह कहना मुश्किल है।

### अगले माह सुधरेगी स्थिति

पानी की किल्लत हो रही है, ऐसा नहीं कह सकते हैं, लेकिन कुछ गांवों में थोड़ी बहुत दिक्कतें देखी जा रही है। अप्रैल के बाद स्थिति सुधरेगी ऐसी उम्मीद है।

**-आरपी वैद्य,** सहायक यंत्री, पीएचई

### इधर सिम्स में लगे पेड़ छात्रों को दे रहे राहत, गाड़ियां भी इसी के नीचे रख रहे



ये तस्वीर सिम्स की है। ये तस्वीर बताती है कि पेड़ कितने जरूरी हैं। यहां मेडिकल कॉलेज के सामने हरे-भरे पेड़ की छांव जहां विद्यार्थियों को राहत देती वहीं यहां आने वाले डॉक्टर और अन्य अपनी गाड़ियां रखते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में सिम्स के कई हरे भरे पेड़ काट दिए गए जिनकी छांव मरीज और परिजन को राहत दे सकती थी।

---

वर्क डवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर 10 दिन में 59 यात्री गाड़ियों को किया कैंसिल

# तीसरी लाइन और अंडरब्रिज का काम, 20 ट्रेनें रद्द, पांच बीच रास्ते में ही समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने एक बार फिर 19 से 21 अप्रैल तक 20 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। डवलपमेंट के नाम पर रेल प्रशासन लगातार ट्रेनों को कैंसिल कर रहा है। इससे भीषण गर्मी में यात्रियों को हलाकान होना पड़ रहा है। इधर रेलवे प्रशासन का दावा है कि डवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा होने के बाद गाड़ियों के परिचालन व समयबद्धता में तेजी आएगी। रेलवे के अफसरों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने तीसरी और चौथी लाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसके साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट, ऑटो सिग्नलिंग सिस्टम सहित अन्य कार्यों को समय पर पूरा कराने तेजी से कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में रायपुर रेल मंडल के सरोना-कुम्हारी रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 20 अप्रैल की सुबह 9 बजे से 21 अप्रैल को सुबह 6 बजे तक होगा। इसके चलते रेलवे ने कई यात्री गाड़ियों का परिचालन रद्द कर दिया है।



### संबलपुर मंडल में अंडरब्रिज तो रायपुर मंडल के सरोना-कुम्हारी स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कराया जाएगा

#### रद्द होने वाली गाड़ियां

- 20 एवं 21 अप्रैल को रायपुर से रवाना होने वाली 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 अप्रैल को दुर्ग से रवाना होने वाली 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 अप्रैल को रायपुर से रवाना होने वाली 08705 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 अप्रैल को डोंगरगढ़ से रवाना होने वाली 08706 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 अप्रैल को रायपुर से रवाना होने वाली 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 अप्रैल को दुर्ग से रवाना होने वाली 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
- 19 एवं 20 अप्रैल को रायपुर से रवाना होने वाली 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 अप्रैल को डोंगरगढ़ से रवाना होने वाली संख्या 08710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 19 एवं 20 अप्रैल को रायपुर से रवाना होने वाली 08725 रायपुर-दुर्ग मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 अप्रैल को दुर्ग से रवाना होने वाली 08726 दुर्ग-रायपुर मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 19 एवं 20 अप्रैल को रायपुर से रवाना होने वाली 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 19 एवं 20 अप्रैल को डोंगरगढ़ से रवाना होने वाली 08723 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 अप्रैल को गोंदिया से रवाना होने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
- 19 एवं 20 अप्रैल को रायपुर से रवाना होने वाली 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 अप्रैल को डोंगरगढ़ से रवाना होने वाली 08730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 20 अप्रैल को रायपुर से रवाना होने वाली 08767 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 21 अप्रैल, को रायपुर से रवाना होने वाली 08768 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर स्पेशल पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 19 अप्रैल को टाटानगर रवाना होने वाली 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21 अप्रैल को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से रवाना होने वाली 18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 अप्रैल को 08264/08263 बिलासपुर-टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।

#### बीच में समाप्त ट्रेनें

- 20 अप्रैल को झारसुगुडा एवं गोंदिया से रवाना होने वाली 08862/08861 झारसुगुडा-गोंदिया-झारसुगुडा मेमू पैसेंजर बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 अप्रैल को अंतागढ़ एवं रायपुर से रवाना होने वाली 08816/08815 अंतागढ़-रायपुर–अंतागढ़ डेमू पैसेंजर दुर्ग एवं रायपुर के बीच रद्द रहेगी।
- 20 अप्रैल को ताड़ोकी से रवाना होने वाली 08834/08833 ताड़ोकी-रायपुर–ताड़ोकी डेमू पैसेंजर दुर्ग एवं रायपुर के बीच रद्द रहेगी।
- 19 एवं 20 अप्रैल को विशाखापटनम से रवाना होने वाली 18530 विशाखापटनम-दुर्ग एक्सप्रेस बेलसोंडा एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 अप्रैल को दुर्ग से रवाना होने वाली 18529 दुर्ग-विशाखापटनम एक्सप्रेस दुर्ग एवं बेलसोंडा के बीच रद्द रहेगी।

#### टिटलागढ़ एक्सप्रेस 19 से 21 तक रद्द

रेलवे ने एक ओर रायपुर मंडल में तीसरी लाइन के काम के चलते 19 ट्रेनों को रद्द किया है वहीं संबलपुर मंडल में भी विभिन्न समपार फाटकों में अंडब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके चलते 20 अप्रैल को बिलासपुर-टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर को भी रद्द कर दिया गया है। इस तरह 19 से 21 अप्रैल के बीच रद्द रहेंगी।

#### 10 दिन में 59 ट्रेनें कैंसिल

रेलवे ने पिछले 10 दिनों के भीतर अब तक 59 यात्री ट्रेनों को कैंसिल किया है। नवरात्र पर्व के बीच में पहले 10 से 12 अप्रैल के बीच 12 ट्रेनों को कैंसिल किया गया। फिर 14 से 17 अप्रैल तक 19 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, जिसके बाद 15 से 20 अप्रैल तक चार ट्रेनों को कैंसिल कर दिया। इसी तरह तीन दिन पहले 24 अप्रैल तक चार ट्रेनों के बाद अब 19 ट्रेनों को कैंसिल दिया है। लगातार ट्रेनों के कैंसिल करने के बाद भी रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए कोई वैकल्पित इंतजाम नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण चिलचिलाती गर्मी में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

---

## सिकंदराबाद मंडल में चल रहा काम, 2 ट्रेन रद्द, 8 ट्रेनों का रुट बदला

दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद रेल मंडल के काजीपेट जं-कोंडापल्ली सेक्शन और विजयवाड़ा रेल मण्डल के विजयवाड़ा -गोधरा जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य करा रही है। इसके लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 2 गाड़ियों को रद्द किया गया है। इसके साथ ही 8 गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इस काम के चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कई गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा है। ऐसे में लगातार एक के बाद एक ट्रेने रद्द होने से जो ट्रेने चल रही है। उसमें अधिक भीड़ होगी वहीं अब तीसरी लाइन के काम होने के कारण यात्री गाड़ियों को रद्द करने से इस रूट में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



#### इन गाड़ियों को किया जा रहा रद्द

29 अप्रैल, 6, 15 और 18 मई 2024 को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 अप्रैल, 4, 16 एवं 20 मई को कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

#### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

- 28 अप्रैल, 9, 15 एवं 21 मई 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20805 विशाखापटनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
- 28 अप्रैल, 9, 15 एवं 21 मई 2024 को नई दिल्ली चलने वाली गाड़ी संख्या 20806 नई दिल्ली- विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
- 2, 9 एवं 16 मई 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 20803 विशाखापटनम-गांधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
- 28 अप्रैल, 5 एवं 19 मई 2024 को गांधीधाम से चलने वाली 20804 गांधीधाम-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। 28 अप्रैल, 5 एवं 19 मई 2024 को पूरी से चलने वाली 20819 पूरी-ओखा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
- 1, 8 एवं 15 मई 2024 को ओखा से चलने वाली 20820 ओखा-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
- 29 अप्रैल, 3, 6, 10, 17 एवं 20 मई, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 12803 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।
- 28 अप्रैल, 1, 5, 8, 15 एवं 19 मई 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली गाड़ी संख्या 12804 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।

---

जर्जर भवन में रहना मजबूरी

# 200 नए पुलिसकर्मियों के मकान का काम अटका



कंडम हो चुके पुलिस क्वार्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

400 नए मकान बनने के बाद पुलिसकर्मियों कके 200 नए मकान बनने काम आचार संहिता लगने से अटक गया है। नए मकान नहीं बनने से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी परिवार के साथ कंडम जर्जर मकान में रहने को मजबूर है। गर्मी मौसम में किसी तरह उनका गुजारा हो जाता है। सर्वाधिक परेशानी बारिश के मौसम में उठाना पड़ता है।

■ कंडम जर्जर मकान में परिवार के साथ रह रहे पुलिसकर्मी

पूर्व में करोड़ों रुपए खर्च कर पुलिस लाइन के सामने व तिफरा में 400 नए पुलिस क्वार्टर बनाए गए हैं। सभी मकानों में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी परिवार के साथ शिफ्ट हो गए हैं। उसके बाद भी तिफरा पुलिस लाइन व थानों में 200 और मकान बनाने का प्रस्ताव पास हो गया है। नए मकान बनाने की तैयारी जोरों से चल रही थी, किन्तु लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से नए मकान बनाने की तैयारी थम गई है। आलम यह है कि सैकड़ों पुलिस मकान बनने के बाद भी सैकड़ो पुलिसकर्मी तिफरा, पुलिस लाइन में कंडम जर्जर मकान में रहने को मजबूर हैं। दीवार गिरने की कगार पर लड़की का टेका लगाकर रह रहे हैं। सर्वाधिक परेशानी इन्हें बारिश के मौसम में होती है। छत से पानी गिरने से पालीथीन लगाकर गुजर बसर करना पड़ता है।



### जुगाड़ लगाकर परिवार के साथ कर रहे गुजर-बसर

मेन पोस्ट आफिस के पास पुलिस विभाग के 24 पुलिस क्वार्टर है। बरसों पुराने होने के कारण सभी मकान जर्जर हो गए है। वहां रहने वाले पुलिसकर्मी किसी जुगाड़ लगाकर परिवार के साथ गुजर बसर कर रहे हैं। शहर के बीच पुलिस विभाग का जमीन होने के बाद विभाग कंडम मकानों को तोड़कर हाईटेक मकान बनाने के लिए पहल नहीं कर रहा है। हाईटेक मकान बनने से सैकड़ो पुलिसकर्मियों को आशियाना मिल जाएगा। साफ सफाई नहीं होने कारण नाली का पानी के साथ व टूटी हुई खिड़की से जहरील जीव जंतु घरों में घुस जाते हैं।

### नए मकान का रुका काम

तिफरा पुलिस लाइन व थानों में 200 नए मकान बनाए जाएंगे। आचार संहिता लगने से काम अटक गया है। एसपी के निर्देश पर पुलिस लाइन के जर्जर मकानों को तोड़कर नए मकान बनाए जाएंगे।

**-भूपेन्द्र गुप्ता** आरआई

## रपटा के नीचे मिली बुजुर्ग की लाश

**बिलासपुर।** रपटा पुल से गुजरने वालों ने एक व्यक्ति की लाश देख इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि यह लाश कश्यप कॉलोनी तेलीपारा निवासी भूपेंद्र छाबड़ा 60 वर्ष की है। लोगों ने पुलिस को बताया कि बुजुर्ग रपटा के आसपास घूमता रहता और कबाड़ एकत्रित करता था। पुलिस को उसके शरीर में किसी भी प्रकार के चोट का निशान भी नहीं मिला है। ऐसे में शव को पीएम के लिए सिम्स के मरच्यूरी भेज दिया गया है।

---

कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन करने वाले संतोष ने कहा-

# कांग्रेस के अंदर कई पार्टी, सब एक-दूसरे को निपटाने में लगे हैं: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से कांग्रेस के लोकसभा चुनाव संयोजक संतोष कौशिक ने कांग्रेस छोड़ भाजपा प्रवेश कर लिया है। तखतपुर विधानसभा सीट से तीन बार चुनाव लड़ चुके श्री कौशिक की क्षेत्र में मजबूत पकड़ मानी जाती है। कौशिक कुर्मी समाज के नेता माने जाते हैं और उन्होंने 2008 में निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए करीब 50 हजार वोट पाया था। कौशिक के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी को गहरा झटका लगा है।



हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्री कौशिक ने साफ कहा कि कांग्रेस में अब कार्यकर्ताओं की कोई पूछ परख नहीं रह गई है। कांग्रेस में पार्टी के अंदर कई पार्टी है जो एक दूसरे को निपटाने में लगी है। ना तो सम्मान मिलता है ना ही कोई बात सुनी जाती है। बड़े नेता आते भी हैं तो बड़े होटलों में रुककर कुछ खास लोगों से मिलकर चले जाते हैं। भाजपा कार्यकर्ता बेस पार्टी है, इसलिए ही तो ईश्वर साहू को विधानसभा में टिकिट मिल गई तो तोखन साहू सांसद उम्मीदवार है। हालांकि उन्होंने बार बार यही कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी से शिकायत नहीं है। कुछ स्थानीय लोगों ने उनके लिए बेरिकेडिंग कर रही थी जिससे घुटन महसूस कर रहे थे।

18 अप्रैल को कांग्रेस के लोकसभा चुनाव संयोजक संतोष कौशिक ने भाजपा ज्वाइन किया। उनके साथ जनपद सदस्य राकेश तिवारी समेत कई कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थामा।

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की अगुवाई में संतोष कौशिक, तखतपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश्वरी जुगल कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश कौशिक, जनपद सदस्य रवि सोनी, पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी समेत कई कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो गए हैं। कौशिक ने तखतपुर सीट से 2008 में निर्दलीय, 2013 में बसपा से और 2018 में जोगी कांग्रेस से चुनाव लड़ था। तखतपुर क्षेत्र में उनकी गहरी पैठ मानी जाती है और उन्हें गुरुजी के नाम से जाता है।

### सम्मान तो दूर बात सुनने वाला कोई नहीं है

श्री कौशिक के मुताबिक उनकी राजनीति तखतपुर क्षेत्र के लिए ही है। यहीं के लोगों की सेवा करना चाहते हैं लेकिन स्थितियां ऐसी कर दी गईं थीं कि कोई कुछ सुनने को तैयार ही नहीं था। एक तरह से क्षेत्र में तानाशाही चल रही थी। ना तो बैठक में बुलाया जाता और ना ही प्रशिक्षण शिविर की जानकारी ही दी जाती। स्थानीय नेत्तृत्व भाजपा से नहीं संतोष कौशिक से लड़ रहा था। यहां तक की मेरे कार्यकर्ताओं ओर साथ के लोगों को धमकी तक दी जाती थी। किसी भी विज्ञापन में मेरा नाम तक नहीं डाला जाता। अक्सर सैकड़ों लोगों के सामने अपमानित किया जाता। पार्टी से निकलवाने की धमकी दी जाती। उम्मीद थी कि विधानसभा चुनाव के बाद कुछ ठीक होगा लेकिन हालात नहीं बदले।

### कोई प्रलोभन या दबाव नहीं

श्री कौशिक ने इस बात से साफ इनकार किया कि भाजपा में प्रवेश के लिए कोई प्रलोभन या दवाब दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी कोई फैक्ट्री तो चलती नहीं, जमीन दलाली भी नहीं करते, खनिजों का अवैध काम भी नहीं तो दबाव किस बात का। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रवेश किसी पद या टिकिट की उम्मीद से नहीं गया। बस इतना है कि पार्टी के लिए काम करूं तो वह सम्मान मिलता रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में फिलहालट गुटबाजी चरम पर है। कार्यकर्ता ठगा सा महसूस कर रहे हैं। एक दो बार भूपेश बघेल से मिल लो तो उनका आदमी फिर टीएस से कार्यक्रम में बात कर ली तो उनका आदमी कहा जाने लगता है। ताम्रध्वज साहू का अलग गुट चल रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

Online Booking : www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024 तक ( 07 दिन )

रायपुर (08:00), उसलापुर (10:30), शहडोल (14:00) से होकर

सबसे कम राशि पर

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

जय माता दी

# माता वैष्णव देवी

माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

स्लीपर मात्र 8,500/-

स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी ।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है ।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे ।
6. सभी श्रद्धालुओं के ग्रुप को सीट एक साथ मिलती है।

राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी -20,500/-, 2 एसी -25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर





माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।

सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 18,500/-

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
20 मई से 02 जून 2024
24 मई से 06 जून 2024
26 मई से 08 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
05 सितंबर से 18 सितंबर 2024
20 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024

चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-8802411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

यात्रा पंजीयन अप्रैल में खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

स्लीपर 22,500/- , 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
06 जून से 19 जून 2024
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024
22 अगस्त से 04 सितंबर 2024
12 सितंबर से 25 सितंबर 2024
10 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024
28 नवंबर से 11 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 01 जनवरी 2025

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# अमरनाथ यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी

नोट : आपको अमरनाथ का स्वयं मेडिकल व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
16 जुलाई से 26 जुलाई 2024
06 अगस्त से 16 अगस्त 2024

राशि : 18,500/- रु., 3एसी-25,100/-, 2एसी-30,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक ( 07 दिन )

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, माउंट आबू / उज्जैन (महाकालेश्वर)

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)
04 जून से 13 जून 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 18 सितंबर 2024 तक ( 06 दिन )

# गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधायें : यात्रा के दौरान -1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योय नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**नोट : कृपया www.tripuryatra.com से टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्तें को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।**

Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

shree tripur tirth yatra

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव ( छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ)(एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

समिति की उपलब्धियां -
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छतीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

OFFICE ADDRESS
RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com